Bharat Petroleum
M/s. SHANTA SERVICE STATION
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुषधारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-33, अंक 245, उल्हासनगर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
*RNI No. 68359/93,*
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com





17 वर्षों का इंतजार आखिरकार खत्म!

## पूर्व विधायक पप्पू कालानी के प्रयासों से सनमुख सदन का पुनर्विकास शुरू

पैराडाइज ग्रुप के चेयरमैन मधु बठीजा समेत गणमान्यों ने किया भूमि पूजन







उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर कैंप 2,नेहरू चौक के पास पिछले करीब 17 वर्षों से पुनर्विकास की राह देख रही सनमुख सदन इमारत के रहिवासियों का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। पूर्व विधायक पप्पू कालानी की मध्यस्थता के बाद इमारत के पुनर्विकास का रास्ता साफ हुआ और अब इसका काम औपचारिक रूप से शुरू हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सनमुख सदन इमारत वर्ष 2009 के आसपास गिर गई थी। इसके बाद तकनीकी एवं अन्य कारणों के चलते इमारत का पुनर्विकास करीब 17 वर्षों तक अटका रहा। लंबे समय से परेशान इमारत के सदस्यों ने जब पूर्व विधायक पप्पू कालानी से संपर्क किया, तो उन्होंने मामले में मध्यस्थता करते हुए सभी संबंधित पक्षों को साथ लाने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान वरिष्ठ नेता नरेंद्र कुमारी ठाकुर के प्रयासों तथा पूर्व महापौर हरदास माखीजा की विशेष मेहनत से इमारत के सदस्यों के साथ कई बैठकें और चर्चाएं हुईं। लंबे दौर की बातचीत के बाद आखिरकार पुनर्विकास को लेकर सहमति बनी और 17 वर्षों से अटके इस प्रोजेक्ट ने आगे बढ़ना शुरू किया।

गुरुवार 10 सितंबर को पूर्व विधायक पप्पू कालानी के जन्मदिन के अवसर पर सनमुख सदन के पुनर्विकास के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के जाने-माने बिल्डर एवं पैराडाइज ग्रुप के चेयरमैन मधु बठीजा व अन्य गणमान्यों के हाथों भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस मौके पर 17 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पुनर्विकास का काम शुरू होने से सनमुख सदन के सदस्यों और रहवासियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। वर्षों से अटके अपने घर के पुनर्निर्माण का सपना अब साकार होने की दिशा में बढ़ने पर उन्होंने राहत और खुशी व्यक्त की। नमुख सदन का पुनर्विकास ओवेशन बिल्डकॉन श्याम पंजवानी द्वारा किया जाएगा। यहां ग्राउंड प्लस सेवन मंजिला नई इमारत का निर्माण प्रस्तावित है।

## स्वीकृत नगरसेवक चुनाव स्थगिती के विषय पर भाजपा पहुंची हाईकोर्ट

आज 11 बजे होगी महत्वपूर्ण सुनवाई


उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर मनपा में स्वीकृत नगरसेवकों के चुनाव को लेकर भाजपा और शिवसेना के बीच चल रही खींचतान अब बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गई है। इस मामले में भाजपा उल्हासनगर जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने महानगरपालिका सहित अन्य प्रतिवादियों के खिलाफ रिट याचिका दायर की है। मामले की आज 11 सितंबर को सुबह 11 बजे तत्काल सुनवाई होगी।

ज्ञात हो कि उक्त विवाद उस समय बढ़ा, जब 7 सितंबर को, जिस दिन स्वीकृत नगरसेवकों के लिए आवेदन दाखिल किए जाने थे, महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले ने महापौर अश्विनी निकम के पत्र के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का आदेश जारी किया। महापौर ने अपने पत्र में दो नगरसेवकों की अयोग्यता को लेकर प्राप्त कानूनी नोटिसों और इस मुद्दे के हाईकोर्ट में लंबित होने का हवाला देते हुए चुनाव आगे बढ़ाने से पहले कानूनी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही थी। हालांकि, भाजपा ने इस निर्णय का विरोध किया। भाजपा की ओर से कहा गया कि एक बार बुलाई जा चुकी महासभा की बैठक को महापौर एकतरफा तरीके से रद्द या अनिश्चितकाल के लिए स्थगित नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद भाजपा की ओर से स्वीकृत नगरसेवकों के लिए नामांकन दाखिल किए गए।



गुरुवार 10 सितंबर के हाईकोर्ट के आदेश में प्रतिवादियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल साखरे ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा और शाम तक उसकी प्रति याचिकाकर्ताओं के वकील को देने की बात कही। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल अंतुरकर ने मामले की तात्कालिकता अदालत के समक्ष रखी, क्योंकि चुनाव अगले ही दिन निर्धारित थे। इस पर न्यायमूर्ति जी. एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ ने मामले को 11 सितंबर को सुबह 11 बजे सप्लीमेंट्री बोर्ड पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इस तरह स्वीकृत नगरसेवकों के चुनाव को लेकर महानगरपालिका में शुरू हुआ राजनीतिक और प्रक्रियात्मक विवाद अब सीधे हाईकोर्ट पहुंच गया है।

## गड्ढों से परेशान नगरसेवक का अनोखा विरोध अधिकारियों की कुर्सियाँ शौचालय में रखीं



अंबरनाथ (नि.स.)। गणेशोत्सव नजदीक होने के बावजूद अंबरनाथ शहर में सड़कों के गड्ढे न भरने से नाराज सत्ताधारी दल के नगरसेवक विकास सोमेश्वर ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। अधिकारियों की लापरवाही से परेशान होकर उन्होंने नगर परिषद मुख्यालय की दूसरी मंजिल पर भूख हड़ताल शुरू कर दी। आंदोलन के दौरान जब संबंधित अधिकारी अपने दफ्तरों से नदारद मिले, तो गुस्साए नगरसेवक ने उनकी खाली कुर्सियाँ उठाकर सीधे पुरुष शौचालय में रख दीं। इस अप्रत्याशित कदम से नगर परिषद प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

नगरसेवक सोमेश्वर का आरोप है कि पिछली सामान्य सभा में सड़कों के गड्ढे तुरंत भरने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन प्रशासन ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। गणेशोत्सव के दौरान सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, ऐसे में गड्ढों के कारण हादसे होने और नागरिकों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अधिकारी सड़कों के गड्ढे भरने के बजाय केवल अपना भला करने में व्यस्त हैं। सत्ताधारी दल के ही नगरसेवक को सड़कों की बदहाली के लिए प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा, जिससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर आम जनता में भी भारी रोष देखा जा रहा है। हालांकि, इस अनूठे प्रदर्शन का असर यह हुआ कि नगर परिषद प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और शहर की सड़कों की मरम्मत व गड्ढे भरने का काम आनन-फानन में शुरू कर दिया गया है।

## एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगाई तो बढ़ेगी मुश्किल महाराष्ट्र में अब तक 57,888 वाहनों पर कार्रवाई

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। 30 जून की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी जिन वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगाई गई है, उनके खिलाफ आरटीओ की ओर से दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। 1 जुलाई से 31 अगस्त के बीच राज्यभर में 57,888 वाहनों पर कार्रवाई की गई और वाहन मालिकों से 1.16 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। संयुक्त परिवहन आयुक्त शैलेश कामत के अनुसार, 1 जुलाई से एचएसआरपी को लेकर कार्रवाई शुरू की गई है। महाराष्ट्र में अब तक जांचे गए करीब दो लाख वाहनों में लगभग 29 प्रतिशत वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं मिली। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। परिवहन विभाग के अनुसार अब तक राज्य में करीब 1.1 करोड़ वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगाई जा चुकी है। एचएसआरपी लगवाने के लिए निर्धारित शुल्क वाहन के प्रकार के अनुसार अलग-अलग है। दोपहिया वाहनों के लिए करीब 531 रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए 590 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए करीब 879 रुपये शुल्क निर्धारित है।

## मोटरसाइकिल चोर पर उल्हासनगर क्राइम ब्रांच का शिकंजा, तीन बाइक बरामद



उल्हासनगर (नि.स.)। मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच क्राइम ब्रांच यूनिट-4, उल्हासनगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रिकॉर्डधारी मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी की गिरफ्तारी से मोटरसाइकिल चोरी के तीन मामलों का खुलासा होने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच यूनिट-4 के पुलिस हवलदार मिलिंद हिंदुराव को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में रिकॉर्ड पर रहा अनुराग उर्फ गुड्डुया विजय आडारी अंबरनाथ पश्चिम इलाके में आने वाला है। सूचना यह भी थी कि उसके पास चोरी की मोटरसाइकिल मौजूद है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया और अंबरनाथ पश्चिम के संबंधित इलाके में छापा मारकर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने जब आरोपी से उसके कब्जे में मौजूद मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सख्ती से पूछताछ किए जाने पर उसने उक्त मोटरसाइकिल चोरी की होने की बात स्वीकार की। इसके बाद पूछताछ में उसने दो अन्य मोटरसाइकिल चोरी करने की जानकारी भी पुलिस को दी। आरोपी की निशानदेही और जांच के आधार पर पुलिस ने चोरी की कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पुलिस रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में अलग-अलग पुलिस थानों में चोरी के मामले दर्ज हैं। इनमें बदलापुर पश्चिम पुलिस, महात्मा फुले चौक पुलिस के मामले शामिल हैं।

तीनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो पंचों की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली तथा उसके कब्जे से मिली मोटरसाइकिलों को विधिवत जब्त किया। गिरफ्तार आरोपी अनुराग उर्फ गुड्डुया विजय आडारी, निवासी भवानी चौक, दत्त मंदिर के पास, वरचा पाडा, अंबरनाथ पश्चिम, को जब्त मुद्देमाल के साथ आगे की जांच के लिए बदलापुर पश्चिम पुलिस थाने में रिपोर्ट सहित पेश किया गया है। वहीं, महात्मा फुले चौक पुलिस थाने में दर्ज दोनों मामलों में भी आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई से मोटरसाइकिल चोरी की तीन वारदातों का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इसके अलावा अन्य मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं तथा चोरी के वाहनों को आगे किस तरह खपाया जाता था।

## 'श्री गणेशोत्सव' के अवसर पर उमनपा की संपत्ति कर में विशेष छूट योजना की घोषणा

12 सितंबर से लागू होकर तीन अलग-अलग चरणों में मिलेगी छूट


उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर मनपा द्वारा शहर के नागरिकों के लिए 'श्री गणेशोत्सव 2026' के अवसर पर संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) में एक विशेष छूट योजना की घोषणा की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत लागू की जा रही यह अभय योजना नागरिकों को बकाया संपत्ति कर जमा करने पर विलंब दंड में राहत प्रदान करेगी। यह योजना 12 सितंबर से लागू होकर तीन अलग-अलग चरणों में चलाई जाएगी। उमनपा की जनसंपर्क अधिकारी प्राजक्ता कुलकर्णी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि बकाया समेत वर्तमान हाउस टैक्स की पूरी राशि का भुगतान एक मुश्त करने पर 100 प्रतिशत दंड (लेट पेमेंट पेनल्टी) माफ की जायेगी। यह योजना 12 सितंबर से लागू होकर तीन अलग-अलग चरणों में चलाई जाएगी, पेनल्टी (दंड) में 100 प्रतिशत की छूट पहले चरण में अर्थात 12 से 20 सितंबर तक ही मिल पायेगी।

- पहला चरण (12 सितंबर से 20 सितंबर 2026)- बकाया रकम के साथ चालू कर का एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत विलंब दंड माफ किया जाएगा।
- दूसरा चरण (21 सितंबर से 28 सितंबर 2026)- बकाया रकम व चालू कर के साथ केवल 25 प्रतिशत दंड राशि का भुगतान करने पर 75 प्रतिशत विलंब दंड की छूट मिलेगी।
- तीसरा चरण (29 सितंबर से 05 अक्टूबर 2026)- बकाया रकम व चालू कर के साथ 50 प्रतिशत दंड राशि का भुगतान करने पर 50 प्रतिशत विलंब दंड में राहत दी जाएगी।




महापौर अश्विनी कमलेश निकम व मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने शहर के सभी नागरिकों से इस विशेष छूट योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने और मनपा के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की है।

## नशे के खिलाफ अंबरनाथ नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई स्कूल और मंदिरों के पास स्थित पान की दुकानों पर छापे



अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ शहर को पूरी तरह से नशा मुक्त, सुंदर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अंबरनाथ नगर परिषद ने पूर्व और पश्चिम इलाकों में प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री के खिलाफ एक बड़ी और सख्त कार्रवाई की। नगराध्यक्ष तेजश्री करंजुले-पाटील और मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के मार्गदर्शन में नगर परिषद प्रशासन, एमएसएफ कर्मियों और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान को अंजाम दिया। प्रशासन ने विशेष रूप से स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में अवैध रूप से चल रही पान की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में गुटखा, तंबाकू, सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्रियां जब्त की गईं।

हाल ही में आयोजित अंबरनाथ नगर परिषद की साधारण सभा में नगरसेवकों ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास हो रही नशे की बिक्री पर कड़ा विरोध जताते हुए स्थायी कार्रवाई की मांग की थी। इसके अलावा, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों से भी गुप्त रूप से चल रहे इस अवैध कारोबार की कई शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने प्रत्यक्ष कार्रवाई कर अवैध विक्रेताओं में हड़कंप मचा दिया है। मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने अतिक्रमण विभाग को निर्देश दिए हैं कि केवल सामग्री जब्त करके न रुकें, बल्कि ऐसी सभी अनधिकृत और नशीले पदार्थ बेचने वाली दुकानों को तुरंत हटा दिया जाए। नगरपालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि छात्रों के भविष्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आने वाले दिनों में भी पूरे शहर में यह सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।







उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर के पूर्व विधायक, लोकनेता पप्पू कालानी का जन्मदिन गुरुवार 10 सितंबर को उनके मित्रों, समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, परिवारजन, शिवसैनिकों व शहरवासियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शाम 7 बजे से उल्हासनगर कैम्प 1 गोल मैदान स्थित सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री कालानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने जनसैलाब उमड़ा। उल्हासनगर की महापौर अश्विनी कमलेश निकम, प्रसिद्ध उद्योगपति महेश अग्रवाल, पैराडाइस ग्रुप के चेयरमैन मधु बठीजा, अनिल डिंगवानी, अनिल बठीजा, शिवसेना नगरसेवक महेश सुखरामानी, जमनु पुरस्वानी, अजीत माखीजानी, दिलीप जग्यासी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य पूर्व विधायक पप्पू कालानी को बधाई देने पहुंचे। आए हुए अतिथियों का स्वागत ओमी कालानी व कालानी परिवार द्वारा किया गया।

संपादकीय

# आदिवासी बच्चों की मौत पर सियासत

मप्र के बालाघाट जिले के आदिवासी बहुल इलाकों बैहर और बिरसा ब्लॉक में विगत ढाई महीने में 30 आदिवासी बच्चों की बीमारी और कुपोषण से मौत न केवल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के सरकारी दावों की पोल खोल रही है बल्कि अब यह राजनीति का मुद्दा भी बन गया है। सरकार ने अभी तक 24 बच्चों की मौतों की पुष्टि की है। जबकि अपुष्ट आंकड़ों के मुताबिक यह संख्या 30 तक जा पहुंची है। इनमें और इजाफा होने की आशंका है। स्वास्थ्य जांच और आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, दूरदराज के बैगा आदिवासी इलाकों में बच्चों की मौत की मुख्य वजह मलेरिया और खसरा रही है। कई बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए थे। इसके अलावा क्षेत्र के एकमात्र 50 बेड वाले अस्पताल में क्षमता से अधिक बच्चों का इलाज हो रहा है, जिसके कारण एक एक बेड पर तीन से चार बच्चों को रखना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासन का रवैया बहुत संवेदनशील रहा हो, ऐसा नहीं लगता। प्रशासन भी तब जागा है, जब इस मामले में जबलपुर हाई कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को केवल समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर याचिका लगाने के बजाय मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का पता लगाने और विस्तृत ग्राउंड रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस बीच विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे को हवा देना शुरू कर दिया है, क्योंकि मामला आदिवासियों से जुड़ा है। इन मौतों से बैगा समुदाय और स्थानीय निवासियों में भी रोष है। इन लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और 3 सितंबर को बालाघाट बंद का आह्वान भी किया था, जिसमें पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। यही नहीं, कांग्रेस ने तो इसे देशव्यापी मुद्दा बना दिया है। विगत शनिवार को 18 राज्यों के आदिवासी नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इसमें मप्र के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम समेत अन्य राज्यों से भी आदिवासी नेता प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। ये नेता बच्चों की मौतों से प्रभावित गांव कोरका और बोंदारी भी पहुंचे एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा। जिनमें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम, गोंडवाना गोंड महासभा के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष अकबर राम कोराम आदि शामिल हैं। तुलेश्वर सिंह मरकाम ने आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिम्मेदार अपनी नैतिकता को भूल चुके हैं। इन क्षेत्रों में टीकाकरण नहीं होने से मीजल्स फैलने की सूचना प्रशासन को महीनों पहले से थी, फिर भी ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि बैगा समुदाय को केंद्र सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति और राष्ट्रीय मानव का दर्जा दिया है, राष्ट्रपति और राज्यपाल संरक्षक होते हैं। इसके बावजूद उनके कल्याण के लिए आरक्षित फंड का सदुपयोग नहीं हो रहा। आदिवासी नेताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को मोहन यादव सरकार की विफलता बताते हुए स्वच्छ पेयजल, उचित पोषण और समय पर इलाज जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर सवाल उठाए हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने इस घटना को राष्ट्रीय बैगा त्रासदी घोषित करने और मृतक बच्चों के स्वजन को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की है। जाहिर है कि सरकार को ऐसे मामलों में ज्यादा संवेदनशील तरीके से काम करने की जरूरत है। मौतों से प्रभावित इलाके दूरदराज के हैं। वहां स्वास्थ्य सुविधाएं समय पहुंचाना सरकार की ही जिम्मेदारी है।

संपादक,टीकम लालवानी



# सपने में भगवान के दर्शन होना शुभ या अशुभ? जानें शिव, विष्णु, गणेश और मां लक्ष्मी के दर्शन का क्या है मतलब

**सपने हर शख्स की जिंदगी का हिस्सा हैं। कई बार सपनों में ऐसी चीजें दिखाई देती हैं, जो मन में गहरी छाप छोड़ जाती हैं। खासकर जब किसी इंसान को सपने में भगवान के दर्शन होते हैं, तो वह इसे एक स्पेशल अनुभव फील करता है। सपनों को कई बार संकेत और आध्यात्मिक अनुभव से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है- भगवान का सपना आना सिर्फ एक नॉर्मल सपना नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा और आशीर्वाद का संकेत होता है। अब सवाल उठता है सपने में भगवान दिखने का क्या मतलब लगाया जा सकता है? क्या यह कोई शुभ संकेत है? आइए जानते हैं।**

## हिंदू धर्म में सपनों का क्या महत्व है?

सनातन परंपरा में सपनों को मन की स्थिति और आध्यात्मिक संकेतों से जोड़कर देखा गया है। उपनिषद में जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति यानी नींद की अलग-अलग अवस्थाओं का जिक्र मिलता है। स्वप्न अवस्था में मन बाहरी दुनिया से अलग होकर अपने भीतर की भावनाओं और विचारों से जुड़ता है।

## भगवान दिखना शुभ क्यों माना जाता है?

धार्मिक मान्यता के अनुसार- अगर किसी इंसान को सपने में भगवान के दर्शन होते हैं, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है।

- भगवान का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।
- जीवन में पॉजिटिव चेंज आने वाले हैं।
- मन में भक्ति और विश्वास बढ़ रहा है।
- परेशानियों से निकलने की शक्ति मिल सकती है।

## सपने में दिखने का अर्थ क्या होता है?

### 1. सपने में भगवान शिव के दर्शन

हिंदू धर्म में भगवान शिव को कल्याण और परिवर्तन का देवता माना जाता है। सपने में भगवान शिव दिखाई दें तो यह जीवन में नई शुरुआत, आत्मिक शांति और कठिनाइयों से मुक्ति का संकेत माना जा सकता है।

### 2. सपने में भगवान विष्णु दिखना

भगवान विष्णु को संसार का पालनकर्ता माना जाता है। सपने में भगवान विष्णु के दर्शन होना जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और किसी गुड न्यूज का संकेत माना जाता है।

### 3. सपने में मां लक्ष्मी दिखना

मां लक्ष्मी को धन और समृद्धि की देवी कहते हैं। मान्यता है- सपने में मां लक्ष्मी के दर्शन होने से घर में सुख, शांति और आर्थिक उन्नति होती है। इस वजह से कई लोग ऐसे सपने को बहुत शुभ मानते हैं।


### 4. सपने में भगवान गणेश दिखना

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और ज्ञान का देवता माना जाता है। सपने में गणेश जी का दिखाई देना नए कामों में सफलता और बाधाओं के दूर होने का संकेत माना जाता है।

## सपने में भगवान दिखें तो क्या करना चाहिए?


मान्यताओं के अनुसार- अगर किसी इंसान को भगवान का सपना आए तो -

- सुबह उठकर भगवान को नाम लेना चाहिए।
- मन में पॉजिटिव विचार रखना चाहिए।
- अपनी श्रद्धा के अनुसार पूजा या प्रार्थना करनी चाहिए।
- जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।
- मंदिर जाकर दर्शन करना चाहिए।



अध्यात्म

## जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।


राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं।

ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।


### सीख

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5972



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. त्रिशला के बेटे होने के कारण भगवान महावीर का एक नाम (6)
6. कारण, मंगलोत्सव, धर्म-कर्म (3)
7. एक जैसी शक्ल वाले, एकरूप (4)
9. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)
10. खरगोश को यह भी कहते है (3)
11. लुंगी को यह भी कहते है (4)
14. नदी, सरिता, निर्झरणी, कूलिनी (3)
15. अभिनेत्री जयाप्रदया की पहली फिल्म, शास्त्रीय संगीत में सप्तक (4)
16. पुरूष, मर्द, वह खूंटी छाया जानने के लिए खड़े बल गाड़ी जाती है (2)
17. इस देश में येन मुद्रा का प्रचलन है (3)
19. मुखिया, दलनायक, सिख धर्मावलंबी (4)
20. दृढ प्रतिज्ञा, गौरव, इस फिल्म के कुछ दृश्यों की शूटिंग इंदौर में भी हुई थी, नायक थे दिलीप कुमार (2)


**ऊपर से नीचे**

1. तीनों कालभूत, भविष्य और वर्तमान (3)
2. पानी या अन्य रसीले पेय को शक्कर मे घोलकर बनाया गया पदार्थ (4)
3. शर्म, हया, लज्जा (2)
4. आतंक, भय, दबदबा, भयातंक (4)
5. जलरस, नोन, लवण (3)
8. मुंशी, नायाब, लिपिक (2)
10. कब्र पर जलाया जाने वाला चिराग (6)
12. बारह युगों में से तीसरा युग पुराणानुसार यह 864000 वर्ष का माना गया है (3)
13. मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गया था (1980), निकट में, पड़ोस में, दक्षिण वाम पार्श्व में (4)
14. मुख मंडल, मुख विवर, सिरयुक्त (3)
18. यह नदी भारत के मध्यप्रदेश राज्य से निकलकर उत्तरप्रदेश , झारखंड की पहाड़ियों से गुजरती हुई पटना के समीप जाकर गंगा नदी में मिल जाती है (2)

**वर्ग पहेली 5971 का हल**


| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | | सि | क्कि | म |
| ल | ल | का | र | | प | | घा |
| जा | | | फ | जी | ह | त | |
| री | ति | | दा | | सा | ह | स |
| ला | | बा | र | | ला | | च |
| ल | क | ब | | धा | र | | |
| नं | ब | र | | र | | | ग्री |
| दा | रा | | गु | णा | | पा | स |

रास्ता खोजो...



Reliance
AUTHORISED DEALER
**Konark**
**Enterprises Pvt. Ltd.**
Fully Computerised Weigh Bridge **50 TON**
100% Quality & Quantity
**Reliance Petrol Pump,** Near Sai baba Mandir, Ambarnath

# क्रिमिनोलॉजिस्ट चुनौतियों भरा कॅरियर




**टेक्नोलॉजी में तेजी से आई प्रगति से सिर्फ सुविधाएं ही नहीं, बल्कि अपराध भी बढ़ रहे है और इसी के साथ बढ़ रही है अपराधों की छानबीन के क्षेत्र में करियर की प्रबल संभावनाएं भी।**

क्रिमिनोलॉजिस्ट का काम है घटना स्थल से अपराधी के खिलाफ सबूत जुटाने में जांच दल की मदद करना। विशेषज्ञों के अनुसार, बेशक यह जॉब चैलेंजिंग है, परंतु तेजी से लोकप्रिय हो रहा करियर विकल्प भी है। फोरेंसिक साइंस की सभी शाखाओं में इसके विशेषज्ञों की हमेशा मांग रहती है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही 24 फोरेंसिक लैब में विशेषज्ञों की भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। फोरेंसिक मेडिसिन के विशेषज्ञों को सभी मेडिकल कालेजों, शोध संस्थानों में मौका दिया जाता है। अपराध अनुसंधान से संबंधित सभी लैबों में फोरेंसिक विज्ञान की शाखाओं के लिए अलग-अलग विभागों में विशेषज्ञों की मांग हमेशा बनी रहती है। क्रिमिनोलॉजी विशेषज्ञों के लिए सीबीआई और आईबी में भी मौके होते हैं। यह करियर रोमांच और चुनौतियों से भरा है। अगर आप अपने जीवन में जोखिम को तवज्जो देते हैं तो आप इस करियर से नाता जोड़ सकते हैं। आप इस करियर में जितनी मेहनत करेंगे, उतना ही मेहनताना और मान-सम्मान भी पाएंगे।

### उपलब्ध कोर्स

- बीए/बीएससी इन क्रिमिनोलॉजी (3 वर्ष)
- एमए/एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी (2 वर्ष)
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी (1 वर्ष)

### कैसे मिलेगा दाखिला

क्रिमिनोलॉजी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए बीए या बीएससी इन क्रिमिनोलॉजी में दाखिला ले सकते हैं, जिसकी अवधि 3 वर्ष है। इसके लिए आर्ट या साइंस में बारहवीं पास होना अनिवार्य है। इसके अलावा, पोस्ट ग्रेजुएट, डिग्री या डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी भी कर सकते हैं, जिसके लिए आर्ट या साइंस विषय में स्नातक डिग्री आवश्यक है।

### कार्य

क्रिमिनोलॉजिस्ट का काम अपराध से संबंधित परिस्थितियों का अध्ययन करना, अपराधी के खिलाफ सबूत जुटाना और अपराध करने का कारण तथा समाज पर इसका प्रभाव जानना होता है। क्रिमिनोलॉजिस्ट समाज को अपराध से बचाने में मदद भी करता है।

### संभावनाएं

आज जिस तरह से क्राइम बढ़ रहा है, उसे देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि सन् 2014 तक इस क्षेत्र में ऐसे प्रोफेशनल्स की बहुत जरूरत पड़ेगी। क्रिमिनोलॉजिस्ट पब्लिक व प्राइवेट कंपनियों, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट, एनजीओ, रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, प्राइवेट सिक्योरिटी तथा डिटेक्टिव एजेंसियों में रोजगार प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा, क्रिमिनोलॉजिस्ट काउंसलर तथा फीलांसर के तौर पर भी कार्य कर सकता है।

### किस तरह के मिलते हैं जॉब

क्रिमिनोलॉजी से कोर्स करने के बाद क्राइम इंटेलिजेंस एनालिस्ट, लॉ रिफॉर्म रिसर्चर, कम्यूनिटी करेक्शन कोऑर्डिनेटर, ड्रग पॉलिसी एडवाइजर, कंज्यूमर एडवोकेट, इनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एनालिस्ट के पद पर कार्य कर सकते हैं।

### आवश्यक गुण

कानून व्यवस्था पर आस्था और जिज्ञासा एक सफल क्रिमिनोलाजिस्ट बनने के लिए सबसे आवश्यक गुण होते हैं। इसके अलावा, यदि आप लॉजिक व प्रैक्टिकल सोच रखते हैं तथा टीम भावना के साथ काम कर सकते हैं, तो आप आसानी से इस फील्ड से जुडक़र नाम कमा सकते हैं।

### सैलॅरी पैकेज

भारत में एक क्रिमिनोलॉजिस्ट शुरुआती स्तर पर प्रतिमाह 30 से 45 हजार रुपये कमा सकता है। इसके अलावा, फीलांसर के तौर पर वह केस की जरूरत के अनुसार अपनी फीस तय कर सकता है। भारत की तुलना में विदेशों में क्रिमिनोलॉजिस्ट की मांग ज्यादा है।

# कंप्यूटर हार्डवेयर में अवसरों की कमी नहीं

पिछले दो दशक में अगर किसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास और कामकाज को लेकर निर्भरता बढ़ी है तो वह कंप्यूटर है। दरअसल कंप्यूटर आज हर एक की जिंदगी में इस तरह से पैठ बना चुका है कि इसके बिना कोई काम नहीं हो सकता। यह संभव है कि आपको कंप्यूटर का संचालन करना नहीं आता हो लेकिन समय पडने पर इसे सीखना आवश्यक होता जा रहा है। ऐसे में कंप्यूटर का रख-रखाव भी अहम हो जाता है। जब भी कभी इसमें खराबी आ जाती है तो इसे ठीक करने का काम कंप्यूटर हार्डवेयर प्रोफेशनल्स करते हैं।

### कंप्यूटर हार्डवेयर क्या है

कंप्यूटर के कलपुर्जों को सम्मिलित रूप से हार्डवेयर कहा जाता है। हार्डवेयर तकनीक के अंतर्गत इसके निर्माण और रख-रखाव की जानकारी दी जाती है। इसे दो भागों में बांटा जा सकता है। कार्ड लेवल और चिप लेवल। दरअसल, सभी कंप्यूटर उपकरणों में कई तरह के कार्ड लगे होते हैं, जिनमें कई चिप होती हैं। पहले किसी भी चिप में कोई खराबी होने पर पूरे कार्ड को बदल दिया जाता था। इसे 'कार्ड लेवल हार्डवेयर तकनीक कहते हैं। इसमें लगने वाले कार्ड काफी महंगे होते हैं, इस कारण यह तकनीक काफी महंगी है। अब जब से कार्ड में लगे चिप को बदलने की तकनीक विकसित हो चुकी है तो कंप्यूटर में इससे संबंधित किसी भी तरह की खराबी आने पर कार्ड में लगे चिप को बदलकर ही खराबी दूर कर दी जाती है। कार्ड के मुकाबले चिप काफी सस्ती पड़ती है। इसके कारण यह तकनीक काफी लोकप्रिय है।

### योग्यता


कई पॉलिटेक्निक और निजी संस्थानों द्वारा चिप लेवल हार्डवेयर में डिप्लोमा का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि एक से तीन वर्ष के बीच होती है। इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए योग्यता बारहवीं पास है, जबकि पॉलिटेक्निक में दसवीं के बाद ही प्रवेश लिया जा सकता है। अधिकतर जगहों पर दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही होता है। कुछ निजी संस्थान बारहवीं के अंकों के आधार पर भी प्रवेश देते हैं।

### संभावनाएं

कंप्यूटर और उसके उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या के साथ ही हार्डवेयर इंजीनियरों की मांग भी काफी तेजी से बढ़ी है। निजी संस्थानों और कार्यालयों में कंप्यूटर के बिना काम करने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कंप्यूटर में थोड़ी-सी गड़बड़ी लाखों का नुकसान करा सकती है, इसलिए निजी कंपनियों और सरकारी कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में हार्डवेयर प्रोफेशनल नियुक्त किए जाते हैं। घरों, दुकानों आदि में कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग के कारण स्वतंत्र रूप से रिपेयरिंग का काम करके काफी आमदनी की जा सकती है। आप हार्डवेयर अपग्रेडेशन में भी टेलीकॉम, मोबाइल और कंप्यूटर से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। साथ ही अगर आप नौकरी नहीं करना चाहते हैं तो खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं।








**हर कोई डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस... बनना चाहता है, लेकिन हर किसी का यह सपना पूरा नहीं होता है। लेकिन आप वोकेशनल कोर्स के माध्यम भी अपने करियर को एक नए मुकाम तक पहुंचा सकते हैं।**

# ....फाइनेंशियल रूप से सक्षम नहीं हैं, तो वोकेशनल कोर्सेज बेहतर विकल्प

अगर आप उच्च शिक्षा हासिल करने में फाइनेंशियल रूप से सक्षम नहीं हैं, तो वोकेशनल कोर्सेज आपके लिए बेहतर विकल्प हैं। इंडस्ट्री की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सरकारी और प्राइवेट संस्थानों द्वारा कई तरह के शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कोर्सेज चलाए जा रहे हैं। इस तरह के कोर्स करने के बाद नौकरी भी आसानी से मिल जाती है।

### हेयर स्टाइल



इन दिनों फैशन का खूब पैशन है। इसलिए लोग अपने हेयर स्टाइल के प्रति काफी सजग हो गए हैं। यही वजह है कि बाजार में संभावनाओं को देखते हुए कुछ संस्थानों ने इससे जुड़े कोर्स शुरू कर दिए हैं। आप 10वीं और 12वीं पास करने के बाद इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**इंस्टीट्यूट**

- पॉलिटेक्निक फॉर वूमन, साउथ एक्सटेंशन-1, नई दिल्ली,
- हबिब्स हेयर एकेडमी, साउथ एक्सटेंशन-2 नई दिल्ली,
- मैन्स वर्ल्ड इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली।

### ब्यूटी कल्चर

फैशन के इस दौर में हर कोई सुंदर दिखना चाहता है और लोगों की इसी चाहत की वजह से ब्यूटी कल्चर का कारोबार काफी बढ़ रहा है। यदि आप ऑफबीट करियर में कदम रखना चाहते हैं, तो ब्यूटी कल्चर से जुड़े कोर्स 10वीं और 12वीं के बाद भी कर सकते हैं।

**इंस्टीट्यूट**

- अहिमसा वूमन पॉलिटेक्निक, शंकर रोड, नई दिल्ली,
- लोयला इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, लोयला कॉलेज, चेन्नई

### फैशन डिजाइनिंग



फैशन डिजाइनिंग का क्षेत्र काफी विस्तृत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां कैरियर के लिए अपार गुंजाइश है। बदलते फैशन की समझ और नए डिजाइन क्रिएट करने की क्षमता आपको इस क्षेत्र में सफल बना सकती है। फैशन की दुनिया में जाने के लिए 10+2 के उपरांत फैशन से संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते हैं। फैशन डिजाइनिंग से संबंधित संस्थान तीन वर्ष का डिगरी कोर्स करवाने के साथ-साथ कुछ शार्ट टर्म कोर्स भी करवाते हैं, जो छह महीने से लेकर एक साल तक के हैं। कोर्स पूरा करने के बाद फैशन टेक्नोलॉजी, स्टिचिंग ऑफ गारमेंट्स, गारमेंट टेक्नोलॉजी, अपैरल मर्चेंडाइजिंग को अपैरल कोआर्डिनेटर, रीटेलर, सेल प्रमोशन, फैशन फोटोग्राफी, ड्रेस ऐंड एक्सेसरी डिजाइनर, गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजिस्ट, निटवियर डिजाइनर, टेक्सटाइल आदि के तौर पर नौकरी मिल सकती है। अपैरल पैटर्न मेकिंग का कोर्स दसवीं कक्षा के बाद कर सकते हैं। इसकी अवधि चार से छह माह की है। कपड़ा मंत्रालय के तहत अपैरल एक्सपोर्ट काउंसिल के अंडर में भी अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर से इस कोर्स को किया जा सकता है। फैशन टेक्नोलॉजी का कोर्स करने के बाद आपको सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की गारमेंट कंपनियों, फैशन ब्राडों, टैक्सटाइल मिलों, फैशन संस्थानों में रोजगार मिल सकता है। स्वरोजगार के तौर पर रेडीमेट गार्मेंट बुटीक खोलकर भी कमाई की जा सकती है।

**इंस्टीट्यूट**

- नेशनल वोकेशनल ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट फॉर वुमेन, नोएडा।

  इसके अलावा पॉलीटेक्नीक फॉर वूमेंस संस्थानों से भी ये कोर्स किए जा सकते हैं।

### फुटवियर टेक्नोलॉजी ऐंड लेदर गुड्स मेकिंग



फुटवियर टेक्नोलॉजी या लेदर गुड्स में प्रशिक्षण हासिल करके बेहतर करियर बनाया जा सकता है। इसमें डिप्लोमा कोर्स के बाद अच्छी नौकरियां पाई जा सकती हैं। फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग और फुटवियर डिजाइनिंग एक्सपटर्स की मार्केट में काफी डिमांड है। किसी भी स्ट्रीम में बारहवीं पास युवा इन कोर्सेज में प्रवेश पा सकते हैं।

### ज्वैलरी डिजाइनिंग



फैशन एसेसरीज में ज्वैलरी हमेशा से ही हॉट डिमांड में रही है। इस क्षेत्र में मुख्य काम ज्वेलरी मेकिंग, डिजाइनिंग आदि है। इसके अलावा, वैलरी डिजाइन, स्टोन कटिंग ऐंड इनेमलिंग, जेमोलॉजी कॉस्टिंग टेक्नोलॉजी, आईडेंटीफिकेशन ऑफ स्टोन ऐंड जेम्स आदि पाठ्यक्रम भी किए जा सकते हैं। इसमें रत्नों की शुद्धता मापने, रत्नों का चुनाव, मूल्य,काटने-तराशने का ज्ञान, कास्टिंग, सैटिंग, पॉलिशिंग, सोइंग तथा सोल्डरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं है। कोर्स करने के बाद किसी भी ज्वैलरी कंपनी से जुडक़र काम की शुरुआत कर सकते हैं। इसकी पढ़ाई दिल्ली, जयपुर और नोएडा के अलावा कई शहरों में होती है।

### इंटीरियर डिजाइनिंग

घर हो, दफ्तर, होटल या शोरूम, इनको डिफरेंट लुक देने का काम इंटीरियर डिजाइनर का होता है। इंटीरियर डिजाइनर स्थान की साज-स'जा के अलावा जगह का भी प्लान करता है। वे कस्टमर की रुचि, बजट तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी रूपरेखा तैयार करते हैं। इसमें दीवार, फर्श, छत की स'जा, फर्नीचर और दूसरी सामग्रियों की जमावट, विंडो ट्रीटमेंट, लाइटिंग, विजुअल और साउंड इफेक्ट्स आदि शामिल होते हैं। एक अच्छा इंटीरियर डिजाइनर बनने के लिए कल्पनाशीलता और रचनात्मकता बेहद जरूरी गुण है। इंटीरियर डिजाइनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। यूं तो इंटीरियर डिजाइनिंग में तीन साल के भी कोर्स हैं, लेकिन करियर बनाने के लिए आर्किटेक्चर में पांच वर्षीय डिगरी कोर्स बेहतर होता है। साइंस स्ट्रीम के बारहवीं पास स्टूडेंट्स इंटीरियर डिजाइनिंग के डिगरी पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं, जबकि कला स्ट्रीम के छात्र एक से दो साल का डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। अधिकांश शहरों के पॉलीटेक्निक और वोकेशनल ट्रेनिंग स्कूलों में ये कोर्स कराए जाते हैं। यह कोर्स करने के बाद विभिन्न इंटीरियर डिजाइनिंग संस्थानों, आर्किटेक्ट फर्म, कंसल्टेंसी फर्म या बिल्डर और कॉन्ट्रैक्टर के साथ काम कर सकते हैं। इसके अलावा बड़े होटलों, हॉस्पिटल्स, शॉपिंग मॉल या डिजाइन स्टूडियो और फर्नीचर स्टोर्स में डिजाइन कंसल्टेंट की जरूरत होती है। खुद का उद्यम भी शुरू कर सकते हैं।





# वास्तु के इन 5 उपायों से आपकी जिंदगी में दस्तक देगा मनचाहा सच्चा प्यार

जिंदगी में हर सच्चा प्यार मिल जाए, तो जिंदगी पहले से ज्यादा खूबसूरत हो जाती है। आप भी अगर मनचाहा सच्चा प्यार पाना चाहते हैं, तो आप वास्तु के कुछ कारगर उपाय कर सकते हैं। इन वास्तु के उपायों से आपके जीवन में लव एनर्जी अट्रैक्ट होती है। आइए, जानते हैं प्यार पाने के लिए वास्तु के टिप्स। दुनिया में हर इंसान सच्चा प्यार पाना चाहता है लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं, जो उम्र भर भटकते रह जाते हैं लेकिन उन्हें सच्चा प्यार नहीं मिल पाता। ऐसे में उन्हें अपना जीवन अधूरा लगने लग जाता है। वास्तु शास्त्र में ऐसे तरीके बताए गए हैं, जिन्हें आजमाने से प्यार आपकी लाइफ में अट्रैक्ट होता है। इसका मतलब यह है कि आप अगर मनचाहा प्यार पाना चाहते हैं, तो वास्तु शास्त्र के इन उपायों को कर सकते हैं। आइए, जानते हैं वास्तु शास्त्र के कौन-से उपायों के कारण प्यार आपके जीवन में दस्तक दे सकता है।

## बेडरूम में लगाएं लव बर्ड्स की फोटो

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि मनचाहा प्यार पाने के लिए घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में दो सुंदर पक्षियों वाली फोटोज लगानी चाहिए। इससे आपके जीवन में प्यार का प्रवेश जरूर होगा। बर्ड कपल की फोटो आपके घर में लव एनर्जी को अट्रैक्ट करती है।

## घर में सफेद रोशनी रखें

कई लोग रात में पीले रंग का बल्ब जलाना पसंद करते हैं, लेकिन ऐसा करने से आपके जीवन में पॉजिटिव एनर्जी बाधित हो सकती है। आपके घर में लव और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहे। इसके लिए आपको सफेद रंग की रोशनी रखनी चाहिए यानी रात में व्हाइट कलर का बल्ब ही जलाएं।

## घर में नेचुरल लाइट आने दें

घर में नेचुरल लाइट यानी सूरज की रोशनी भी बहुत जरूरी है। इससे घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। आपके घर में खिड़कियां होनी चाहिए। जहां से सूरज की रोशनी कमरे में पहुंचती हो। ऐसा होने से प्यार आपके जीवन में बना रहता है।

## घर में लगाएं राधा-कृष्ण की फोटो

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में राधा-कृष्ण की फोटो लगाने से आपके जीवन में प्यार की कभी कमी नहीं होती। ऐसा करने से मनचाहा प्यार भी आपकी जिंदगी में खींचा चला आता है। घर में राधा-कृष्ण की फोटो लगाने से पॉजिटिव एनर्जी आपके घर में आती है।

## घर की दीवारों पर न कराएं सफेद या नीला रंग

वास्तु शास्त्र के अनुसार अपने घर की दीवारों पर हरा, लाल, केसरिया या पीले रंग का कलर कराएं। इसके अलावा आप अगर मनचाहा प्यार पाना चाहते हैं, तो घर की दीवारों पर कभी भी नीला रंग न करें। इससे आपकी लव लाइफ पर असर पड़ता है।



# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। व्यावसायिक अनुबन्धों के लिये दिन बेहद शुभ है। आपकी तर्कशक्ति दूसरों की समस्याओं का भी समाधान करने में मदद करेगी। मध्यस्थता के कई अटके हुये मामलों का समाधान कर लेंगे। पुराने मित्रों से अचानक मुलाक़ात हो सकती है।




**वृषभ** धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सावधान रहेंगे। अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें।




**मिथुन** यदि आपका वजन बढ़ा हुआ है तो योग्य चिकित्सक या पोषण विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। ज्यादा सोच-विचार करने के कारण तनाव में आ सकते हैं। प्रेमी जोड़ों को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। गूढ़ ज्ञान-विज्ञान को लेकर काफी जिज्ञासु रहेंगे।




**कर्क** अविवाहितों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। काफी दिनों से रुका हुआ काम पूरा होने से आपका मन शान्त रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ने के योग बन रहे हैं।




**सिंह** समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है। सन्तान को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। व्यापार में बड़ी व स्थायी पार्टनरशिप हो सकती है। काम के दबाव के कारण परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।




**कन्या** सम्पत्ति की खरीदी में परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रेम सम्बन्धों में कड़वाहट हो सकती है।




**तुला** मीडिया पर आपकी सक्रियता बढ़ेगी। राजनीतिक बहसबाजी के कारण सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। परिजनों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। बेरोजगार लोग नौकरी को लेकर थोड़े चिन्ताग्रस्त रहेंगे।




**वृश्चिक** आज किसी कारणवश दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं। नजदीकी मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में जोखिम लेना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। व्यापारिक योजनाओं के लिये समय बहुत अच्छा है।




**धनु** आज का दिन काफी खर्चीला रहने वाला है। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। भोजन में शुद्धता और पौष्टिकता का ध्यान अवश्य रखें। आपकी तार्किक क्षमता की लोग प्रशन्सा करेंगे। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कुछ लोग आपको नीचा दिखाने का भी प्रयास कर सकते हैं।




**मकर** कारोबार में नया प्रयोग करने के लिये दिन शानदार है। विदेशी भूमि से धन लाभ होने की प्रबल सम्भावना है। विवादित मामलों के सुलझने के योग बन रहे हैं। परिवार की जरूरतों का ध्यान रखें। भोग-विलास में आप धन खर्च करेंगे।




**कुंभ** आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा। लेकिन आपको गलत मार्गों का चयन करने से बचना चाहिये। नजदीकी लोग आपकी भावनाओं को ठेस पहुँचा सकते हैं। इसीलिये आज गम्भीर विषयों पर चर्चा करने से बचें। छोटी-छोटी बातों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।




**मीन** राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन विशेष रूप से शुभ है। जोड़ों में दर्द और गठिया से पीड़ित जातकों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आपके व्यवहार से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यवसाय से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं।

G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :-
Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034



Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259




प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
**RNI No. 68359/93,**
**( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )**
दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
✦ Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
✦ Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555



# शिवसेना शिंदे गुट की नगरसेविका की सदस्यता रद्द
## एसटी प्रमाणपत्र अमान्य पाए जाने के बाद कार्रवाई

ठाणे (नि.स.)। मुंबई मनपा में शिवसेना ठाकरे की नगरसेविका विशाखा राऊत की सदस्यता रद्द होने के बाद अब ठाणे में भी बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। ठाणे मनपा के प्रभाग-5 (अ) से निर्विरोध निर्वाचित उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की नगरसेविका सुलेखा सुधाकर चव्हाण उर्फ सुलेखा शिवाजी सूर्यवंशी की नगरसेवक पद की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। महानगरपालिका प्रशासन ने यह कार्रवाई अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्र जांच समिति, धुले के 16 जून 2026 को जारी आदेश के आधार पर की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समिति के आदेश के बाद उनका नगरसेवक पद समाप्त माना गया है।

**जनवरी में निर्विरोध चुनी गई थीं**

ठाणे मनपा के जनवरी 2026 में हुए आम चुनाव में सुलेखा चव्हाण प्रभाग क्रमांक 5 (अ) से निर्विरोध निर्वाचित हुई थीं। हालांकि, उनके अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र की वैधता को लेकर जांच समिति के समक्ष प्रक्रिया चल रही थी। प्रमाणपत्र की जांच का फैसला आने तक उनके नगरसेवक पद को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। आखिरकार 16 जून को समिति की ओर से जारी आदेश के आधार पर मनपा प्रशासन ने उनकी सदस्यता समाप्त करने की आधिकारिक कार्रवाई की। इस संबंध में ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कोकण विभागीय आयुक्त को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि प्रभाग क्रमांक 5 (अ) का नगरसेवक पद 16 जून 2026 से ही समाप्त हो गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रभाग क्रमांक 5 (अ) की सीट रिक्त हो गई है। अब इस रिक्त सीट को लेकर आगे की कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया क्या होगी, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# 10 हजार नन्हें हाथों ने गढ़े ईको-फ्रेंडली बप्पा
## महाराष्ट्र ने बनाया 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड'






नवी मुंबई (सनी पांडेय)। वाशी स्थित सिडको एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में पर्यावरण संरक्षण और आस्था का एक ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. 'पर्यावरणपूरक महा गणेश मूर्ती कार्यशाला 2026' में एक साथ 10 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने शाडू मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं गढ़कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में अपना नाम गुरुवार को दर्ज कराया. ढोल-ताशों की गूंज और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नन्हें हाथों ने जब माटी को आकार देना शुरू किया, तो पूरा परिसर भक्ति और प्रकृति के रंगों में सराबोर हो गया।

**■ नेताओं ने दिया प्रेरणादायक संदेश**

बता दें कि इस ऐतिहासिक आयोजन का सबसे खास और दिल छू लेने वाला पल तब आया, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने प्रोटोकॉल किनारे रखकर खुद अपने हाथों में शाडू मिट्टी उठाई और बाप्पा की मूर्ति बनाई. राज्य के शीर्ष नेतृत्व को अपने बीच बैठकर मूर्ति बनाते देख बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया. इस सीधी भागीदारी ने समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि पर्यावरण रक्षा केवल भाषणों से नहीं, बल्कि अपनी जमीन से जुड़कर खुद पहल करने से संभव होती है।

**■ निस्वार्थ भक्ति मायने रखती है- मुख्यमंत्री**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ईश्वर का आशीर्वाद मूर्तियों की भव्यता या आकार पर नहीं, बल्कि हमारी निस्वार्थ भक्ति और पर्यावरण के प्रति कर्तव्य पर निर्भर करता है. प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से जलस्त्रोतों को होने वाले नुकसान पर चिंता जताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचमहाभूतों की रक्षा से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है. उन्होंने इस विश्व रिकॉर्ड का असली श्रेय बच्चों को दिया।

**■ हर बच्चा बना 'वसुंधरा रक्षक'**

पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि शाडू माटी से बप्पा को साकार करने वाले ये हजारों विद्यार्थी वास्तव में 'वसुंधरा रक्षक' साबित हुए हैं. वनमंत्री गणेश नाईक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष सिद्धेश कदम और जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट के सहयोग से संपन्न हुआ यह आयोजन केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि आने वाले गणेशोत्सव को पूरी तरह प्रकृति के अनुकूल बनाने का एक मजबूत जन-आंदोलन बनकर उभरा है।

# नवी मुंबई से दुनिया भर की उड़ानें होंगी आसान
## एयरलाइंस को बंपर छूट, अंतरराष्ट्रीय सफर होगा और सस्ता



नवी मुंबई (नि.सं.)। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुनिया के विभिन्न कोनों के लिए उड़ान भरने का सपना देख रहे यात्रियों के लिए बेहतरीन खबर है. विमानन नियामक एईआरए ने संशोधित टैरिफ योजना को हरी झंडी दिखाते हुए एयरलाइंस कंपनियों के लिए नवी मुंबई से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना बेहद आकर्षक बना दिया है. नए नियमों के तहत पात्रता मानदंड को पूरे मुंबई महानगर क्षेत्र के बजाय केवल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से नया मार्ग कर दिया गया है, जिसका सीधा असर अब उड़ानों के विस्तार और टिकट दरों पर दिखने की उम्मीद है।

नई व्यवस्था के तहत नवी मुंबई से नई अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें शुरू करने वाली एयरलाइंस को पहले साल लैंडिंग शुल्क में पूरे 100 फीसदी की छूट दी जाएगी. 5,000 किलोमीटर तक के शॉर्ट-हॉल रूट्स पर दूसरे साल 50 फीसदी की राहत मिलेगी, जबकि 5,000 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले लॉन्ग-हॉल रूट्स के लिए दूसरे वर्ष 50 फीसदी और तीसरे वर्ष 25 फीसदी तक की छूट तय की गई है. उड़ानों के फेरे बढ़ाने वाली कंपनियों को भी अधिकतम 75 फीसदी तक की छूट मिलेगी, जिससे व्यस्त रूट्स पर उड़ानों की संख्या तेजी से बढ़ेगी. सिर्फ यात्री ही नहीं, बल्कि कार्गो उड़ानों के लिए भी यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा. अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ानों को पहले साल 90 फीसदी और दूसरे साल 50 फीसदी की बड़ी छूट दी जाएगी, जिससे नवी मुंबई तेजी से एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब बनकर उभरेगा। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और सिडको की पीपीपी भागीदारी से तैयार हो रहा यह एयरपोर्ट शुरुआती चरण में 2 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम है, जो भविष्य में बढ़कर 9 करोड़ यात्री और 32 लाख टन कार्गो क्षमता तक पहुंचेगा. इस ऐतिहासिक प्रोत्साहन से न केवल नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्य जुड़ेंगे, बल्कि एयरलाइंस के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ने से यात्रियों को किफायती किराए और बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा फायदा मिलेगा।

# अफवाहों पर सत्य से करें वार, सोशल मीडिया पर मुखर रहें कार्यकर्ता -चव्हाण

- उत्तर रायगड जिला भाजपा की विस्तृत कार्यकारिणी बैठक संपन्न
- नशामुक्त भारत का लिया संकल्प






पनवेल (नि.सं.)। डिजिटल युग में सोशल मीडिया जनसंवाद का बेहद सशक्त माध्यम बन चुका है, लेकिन विरोधी दल इसका गलत इस्तेमाल कर जनता के बीच भ्रम और अफवाहें फैलाने की साजिश रच रहे हैं. इन अफवाहों को सत्य के विचारों से बेअसर करना भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है. इसलिए हर कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर सक्रिय और मुखर रहना चाहिए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विधायक रवींद्र चव्हाण ने कही वे पनवेल के आद्य क्रांतिवीर वासुदेव बलवंत फड़के नाट्यगृह में आयोजित उत्तर रायगड जिला भाजपा की विस्तृत कार्यकारिणी बैठक को संबोधित कर रहे थे।

रवींद्र चव्हाण ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में देश और महाराष्ट्र का चौतरफा विकास हुआ है. कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं और विधायक प्रशांत ठाकुर द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं. बैठक में उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान पर विशेष जोर देते हुए युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए सामाजिक लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया. इस अवसर पर उन्होंने युवा मोर्चा के अभियान का प्रोमो और युवा वॉरियर्स टी-शर्ट का अनावरण कर उपस्थित पदाधिकारियों को नशामुक्त भारत के संकल्प की शपथ दिलाई. बैठक में प्रदेश सचिव विधायक प्रशांत ठाकुर ने केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों के अभिनंदन का राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया, जिसे विधायक महेश बालदी ने अनुमोदित किया इसके अलावा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के जरिए समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचने का संकल्प दोहराया गया. इस दौरान प्रदेश महासचिव विधायक निरंजन डावखरे, विधायक योगेश सागर, उत्तर रायगड जिलाध्यक्ष अविनाश कोली सहित जिले के प्रमुख पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 6 सांसदों की बगावत के बाद ठाकरे गुट की 2029 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू

मुंबई (नि.स.)। शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को हाल में छह सांसदों के शिवसेना शिंदे गुट में जाने से बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर कानूनी लड़ाई के बीच अब ठाकरे गुट ने आगामी 2029 लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की ओर से मुंबई समेत राज्य के कई लोकसभा क्षेत्रों में संपर्क प्रमुखों की जिम्मेदारी तय किए जाने की जानकारी सामने आई है। ठाकरे गुट के इस कदम को पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जमीनी तैयारी शुरू करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। मुंबई के छह लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही राज्य के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में विधायकों, पूर्व नगरसेवकों और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, कल्याण और भिवंडी की जिम्मेदारी वरुण सरदेसाई, शिर्डी-अहिल्यानगर की सुनील शिंदे, सातारा और सांगली की नितीन बानुगडे-पाटील, जबकि छत्रपति संभाजीनगर की जिम्मेदारी आशीष चेंबुरकर को दी गई है। शिरूर लोकसभा क्षेत्र में किरण तावडे और पुणे जिले में सचिन पडवल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोलापुर और माढा की जिम्मेदारी सुषमा अंधारे, नाशिक और दिंडोरी की रविंद्र मिर्लेकर, बुलढाणा की नितीन देशमुख और नरेंद्र खेडेकर, अकोला की नितीन देशमुख और नीलेश घुमाळ, जबकि अमरावती की जिम्मेदारी नितीन देशमुख और डॉ. किशोर ठाकरे को दी गई है। इसके अलावा हिंगोली में बबनराव थोरात, कोल्हापुर में अरुण दुधवडकर, बारामती में संजय सावंत, धुले में अशोक धात्रक, रावेर में गुलाबराव वाघ, नंदुरबार में मुकेश साळुंके और रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में प्रदीप बोरिकर को जिम्मेदारी दी गई है।

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में संजय मानाजी कदम को पेण विधानसभा को छोड़कर जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मावल में प्रसाद भोईर को पेण विधानसभा सहित जिम्मेदारी सौंपी गई है। पालघर में विलास पोतनीस, सातारा में उदय ढळवी, सांगली में स्वप्नील कुंजीर, हातकणंगले में महेंद्र इंदुलकर और जालना में सुनील वामन पाटील को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि धाराशिव में सुनील काटमोरे, नांदेड में किशोर पोतदार, परभणी में प्रदीपकुमार खोपडे, लातूर में परमेश्वर सातपुते, बीड में अशोक सकपाळ और यवतमाल-वाशिम में दिलीप जाधव को लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं विदर्भ में वर्धा की जिम्मेदारी सुधीर सूर्यवंशी, नागपुर की सतीश हर्डे, रामटेक की सुरेश सावंत, गडचिरोली-चिमूर की महेश केदारी, चंद्रपुर की प्रशांत कदम और भंडारा-गोंदिया की जिम्मेदारी राजू पाटील को दी गई है। ऐसे में लोकसभा स्तर पर संपर्क प्रमुखों की नियुक्ति को ठाकरे गुट की 2029 की चुनावी रणनीति की शुरुआती कवायद माना जा रहा है।

# मृत ग्राहक के बैंक खाते से 29.83 लाख की हेराफेरी, पूर्व शाखा प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

मुंबई (नि.स.)। मृत ग्राहक के बैंक खाते से कथित तौर पर 29.83 लाख रुपये की हेराफेरी के मामले में सेंट्रल साइबर पुलिस ने एक निजी बैंक की चौपाटी शाखा के पूर्व प्रबंधक और एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल पंजवानी और अभिषेक वर्मा के रूप में हुई है। वहीं, मामले में शामिल एक अन्य बैंक कर्मचारी राम पाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मामला दिवंगत विमला पाटील के बैंक खाते से जुड़ा है। शिकायत मिलने के बाद बैंक की आंतरिक जांच में पता चला कि जुलाई 2025 में ग्राहक के खाते से जुड़ा पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी कथित तौर पर फर्जी ग्राहक अनुरोध फॉर्म के जरिए बदल दिए गए थे। यह फॉर्म तारदेव शाखा में जमा किया गया था।

जांच में फॉर्म पर किए गए हस्ताक्षर बैंक रिकॉर्ड में मौजूद हस्ताक्षर से कथित तौर पर मेल नहीं खाते पाए गए। जांच के दौरान कर्मचारी अभिषेक वर्मा ने कथित तौर पर बैंक को बताया कि खाते का विवरण बदलने के लिए पूर्व शाखा प्रमुख राहुल पंजवानी ने उसे निर्देश दिए थे। इसके बाद बदले गए मोबाइल नंबर और ई-मेल का इस्तेमाल कर खाते तक पहुंच बनाई गई और 14.87 लाख रुपये की दो सावधि जमा (एफडी) को समय से पहले बंद कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, रकम को आरटीजीएस, एनईएफटी, यूपीआई, आईएमपीएस और मोबाइल बैंकिंग के जरिए कई खातों में स्थानांतरित किया गया। बैंक ने आरोप लगाया है कि पंजवानी, वर्मा और राम पाल ने कथित तौर पर साजिश रचकर मृत ग्राहक के नाम से फर्जी अनुरोध फॉर्म तैयार किया और उसके हस्ताक्षर जाली किए। पुलिस अब कथित साजिश, पैसों के लेनदेन और फरार आरोपी राम पाल की भूमिका की जांच कर रही है।

# गणेशोत्सव में ठाणे में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक
## 15 से 25 सितंबर तक विशेष ट्रैफिक प्रतिबंध

ठाणे (नि.स.)। गणेशोत्सव 2026 के दौरान विसर्जन जुलूस सुचारु रूप से संपन्न कराने और शहर में यातायात जाम से बचने के लिए ठाणे शहर पुलिस ने भारी और अत्यधिक जोखिम वाले वाहनों की आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया है। पुलिस के मुताबिक, डेढ़ दिन, पांच दिन, छठे दिन होने वाले गौरी-गणपति विसर्जन, सातवें दिन और अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर उतरते हैं। विसर्जन जुलूसों में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए निर्धारित मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

**इन तारीखों पर विशेष प्रतिबंध**

पुलिस के अनुसार 15, 18, 19, 20 और 25 सितंबर 2026 को होने वाले प्रमुख विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था में विशेष बदलाव लागू रहेंगे। जरूरत और स्थिति के अनुसार अलग-अलग समय पर यातायात नियमों में परिवर्तन किया जाएगा। पुलिस द्वारा निर्धारित कुछ मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी।

**अन्य दिनों में भी रात में रोक**

प्रमुख विसर्जन दिवसों के अलावा गणेशोत्सव के अन्य दिनों में भी भारी वाहनों की आवाजाही सीमित रहेगी। इस दौरान रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा और केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित समय में ही उन्हें आवागमन की अनुमति दी जाएगी। ठाणे पुलिस ने वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित मार्गों से बचें, वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें और पुलिस द्वारा जारी यातायात निर्देशों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए यह व्यवस्था सुरक्षा और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए की गई है।

# तुकाराम मुंडे की सख्ती का असर
## भिवंडी में मिठाइयों का रंग पड़ा फीका




### कृत्रिम खाद्य रंगों पर कार्रवाई के निर्देश से दुकानदारों में हड़कंप

भिवंडी (नि.सं.)। गणेशोत्सव के साथ शुरू होने वाले त्योहारी मौसम में मिठाइयों की मांग बढ़ते ही भिवंडी के बाजारों में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर प्रशासन की सख्ती का असर दिखाई देने लगा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त पद पर तुकाराम मुंडे की नियुक्ति के बाद खाद्य पदार्थों में नियमों के विपरीत कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसका सीधा असर मिठाई कारोबार पर पड़ा है और कई दुकानदारों ने मिठाइयों को चटख रंग देने से परहेज शुरू कर दिया है।

गणेशोत्सव और आगामी त्योहारों के दौरान जिलेबी, पेड़ा, बूंदी, लड्डू, चमचम, रसगुल्ला सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की मांग तेजी से बढ़ती है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पहले कई मिठाइयों में गहरे और भड़कीले कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि, खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा नियमों के विपरीत रंगों के इस्तेमाल पर कार्रवाई की चेतावनी के बाद मिठाई विक्रेताओं में सतर्कता बढ़ गई है। तुकाराम मुंडे की सख्ती के बाद मिठाई विक्रेताओं ने भी नियमों का पालन शुरू कर दिया है। कार्रवाई के डर से कई दुकानदारों ने अनावश्यक कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल बंद कर दिया है। लिहाजा बाजार में अब पहले की तुलना में मिठाइयों के रंग अपेक्षाकृत हल्के नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक भी अब केवल चमकदार रंग देखकर मिठाई खरीदने के बजाय उसकी गुणवत्ता और सुरक्षित होने पर ध्यान देने लगे हैं। प्रशासन ने मिठाई विक्रेताओं से खाद्य पदार्थों में केवल नियमों के तहत अनुमत खाद्य रंगों का ही इस्तेमाल करने की अपील की है। साथ ही नागरिकों से भी बेहद गहरे या असामान्य रूप से चटख रंग वाली मिठाइयां खरीदते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। त्योहारों के दौरान बड़ी मात्रा में मिठाइयों की बिक्री होने के कारण खाद्य सुरक्षा और नागरिकों के स्वास्थ्य का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

# गणेशोत्सव में मुंबई-मडगांव वंदे भारत को 20 कोच करने की मांग

मुंबई (नि.स.)। गणेशोत्सव के दौरान कोंकण जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मुंबई-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। गौरी-गणपति और गणेशोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में मुंबई और आसपास के क्षेत्रों से लोग कोंकण की ओर रवाना होते हैं। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे समेत अन्य विभागों ने कोंकण रेल मार्ग पर कई विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं।

इस बीच भारतीय रेलवे की प्रीमियम ट्रेन मानी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में भी अतिरिक्त कोच जोड़ने की मांग उठी है। मांग की गई है कि गणेशोत्सव के दौरान मुंबई सीएसएमटी से मडगांव के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को 20 कोच की जाए। इससे अधिक यात्रियों को यात्रा की सुविधा मिल सकेगी और त्योहार के दौरान बढ़ती मांग को कुछ हद तक पूरा किया जा सकेगा। अब रेलवे प्रशासन इस मांग पर क्या निर्णय लेता है, इस पर यात्रियों की नजर है।

# पालघर अस्पताल मारपीट मामले में हाईकोर्ट सख्त
## पुलिस अधीक्षक की खिंचाई, डीजीपी से मांगा जवाब

मुंबई (नि.स.)। पालघर के एक अस्पताल में दहीहंडी के दौरान घायल गोविंदा के इलाज को लेकर डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारियों से मारपीट के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने पालघर पुलिस की जांच पर कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खाता की पीठ ने पालघर के पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख की खिंचाई करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने जांच अधिकारी की कथित लापरवाही पर कार्रवाई क्यों न की जाए, इस संबंध में डीजीपी से जानकारी मांगी है। डीजीपी को संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई की जानकारी शुक्रवार की सुनवाई में देने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी वकील शिशिर हिरे ने अदालत को बताया कि अस्पताल में मारपीट के मामले में कुल 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से 10 आरोपियों की पहचान हुई है, लेकिन 9 फरार हैं, जबकि बाकी 7 की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर हाईकोर्ट ने सवाल उठाते हुए पूछा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद 9 आरोपी फरार कैसे हो गए और सात आरोपियों की पहचान अब तक क्यों नहीं हो सकी। अदालत ने यहां तक कहा कि यदि पालघर पुलिस जांच करने में सक्षम नहीं है तो मामला मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को सौंपने पर विचार किया जा सकता है।

# यात्रियों की परेशानी के बाद एसटी महामंडल का यू-टर्न,
## एनसीएमसी कार्ड की अनिवार्यता में दी ढील

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एसटी) ने वरिष्ठ नागरिकों और महिला यात्रियों को राहत देते हुए एनसीएमसी कार्ड से जुड़े नियमों में ढील देने का फैसला किया है। 1 सितंबर 2026 से सरकारी रियायत का लाभ लेने वाले वरिष्ठ नागरिकों और महिला यात्रियों को एनसीएमसी कार्ड के जरिए ही रियायती टिकट देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। यात्रियों से यात्रा के दौरान एनसीएमसी कार्ड साथ रखने की अपील की गई थी। हालांकि, कार्ड बनवाने और उसका इस्तेमाल करने में यात्रियों को आ रही तकनीकी समस्याओं और अन्य दिक्कतों को देखते हुए एसटी महामंडल ने अपने फैसले में नरमी बरती है। अब रियायती यात्रा को लेकर यात्रियों को तत्काल राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही, एनसीएमसी कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए महामंडल की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन से संपर्क करें और आधिकारिक निर्देशों का पालन करें।